# 2- “<u>उत्तर प्रदेश पुलिस ने दिया अनाथ नवजात को नया जीवन</u>”

**<u>हरि के रूप में मिले सिपाही हरिमिलन</u>**



**दिनांक 02.09.16 को श्री नन्दराम पैड मैन रेलवे स्टेशन सिधौली सीतापुर द्वारा प्रभारी निरीक्षक सिधौली सीतापुर को सूचना दी गयी कि रेलवे ट्रैक स्टेशन सिधौली के पास एक नवजात शिशु कपड़े में लिपटा हुआ पड़ा है। इस सूचना पर थाना सिधौली सीतापुर में नियुक्त आरक्षी हरिमिलन सिंह एवं महिला का0 ऊषा कुमारी द्वारा बिना समय गवायें सी0एच0सी0 सिधौली ले जाकर उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। जिसे चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात उक्त पुलिस कर्मी की देख रेख में सी0एच0सी0 सिधौली से जिला अस्पताल सीतापुर रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार पुलिस की देखरेख में किया गया। अब नवजात शिशु पूर्णतः स्वस्थ है तथा बाल कल्याण समिति सीतापुर के आदेश दि0 03.09.16 को पत्रांक 112-118/बा0का0सं0 सीतापुर/प्रवेशनवजात शिशु के द्वारा नवजात शिशु को वरदान शिशुगृह(विशेष दत्तक ग्रहण) अभिकरण मानसी 14/15 इन्दिरा नगर लखनऊ संरक्षिका श्रीमती मंजू दुबे द्वारा दि0 06.09.16 को जिला अस्पताल सीतापुर से नियमानुसार प्राप्त करके अपने संरक्षण में लेकर उक्त स्थान ले जा चुकी है। थाना सिधौली पुलिस द्वारा तत्परता से की गयी कार्यवाही के कारण ही नवजात शिशु आज जीवित अवस्था में है। पुलिस कर्मियों की इस कार्य की जनता/सोशल मीडिया द्वारा काफी सराहना की गयी है।**